Bharat Temples

ये मेरी मुरली सुनकर तुम

प्रियतमा कहूँ, श्यामा कहूँ, या श्रीराधा कहूँ,
कुछ समझ पाऊँ नहीं, अब आपको मैं क्या कहूँ,

ये मेरी मुरली सुनकर तुम, कि यमुना कूल आ जाना,
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,
ये मेरी मुरली सुनकर तुम, कि यमुना कूल आ जाना,
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,

तुम्हें सब जानते राधे, हो जीवन-संगिनी मेरी,
तुम्हें सब जानते राधे, हो जीवन-संगिनी मेरी,
सनातन से कमलनयनी, हो तुम अर्धांगिनी मेरी
आ बैठें तीर कालिन्दी, कदम की छाँव घनेरीं,
छाँव घनेरीं, छाँव घनेरीं,
ये मेरी मुरली सुनकर तुम, कि यमुना कूल आ जाना,
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,

हो श्यामा रूप तुम मेरा, तुम्हारा रूप हूँ मैं,
हो श्यामा रूप तुम मेरा, तुम्हारा रूप हूँ मैं,
बसीं हो तुम हृदय मेरे, तुम्हारे दिल में हूँ मैं,
कृष्ण के नाम से आगे, तुम्हारा नाम होगा,
नाम होगा, नाम होगा,
ये मेरी मुरली सुनकर तुम, कि यमुना कूल आ जाना,
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,

ये मेरी मुरली सुनकर तुम, कि यमुना कूल आ जाना,
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,

ॐ ॐ ॐ ॐऽऽऽऽ..... ुँ ॐ ॐ ॐऽऽऽऽ.....
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,
ॐ ॐ ॐ ॐऽऽऽऽ..... ुँ ॐ ॐ ॐऽऽऽऽ.....
कि तुम मेरी प्रिया हो, कि तुम मेरी प्रिया हो,
(गीत रचना- अशोक कुमार खरे)

Source:
https://www.bharattemples.com/ye-meri-murali-sunkar-tum-ki-yamuna-kul-aa-jana/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw